Inland Revenue
Te Tari Taake

व्यक्तिगत
Ngā Hunga Takitahi

IR1098 | सितम्बर 2024

फैक्टशीट

# न्यूज़ीलैंड टैक्स रेजिडेंस (न्यूज़ीलैंड में निवास का टैक्स भुगतान) – नए प्रवासी

**यह सूचना पत्र नए प्रवासियों के लिए प्रासंगिक न्यूज़ीलैंड टैक्स रेजिडेंस नियमों की व्याख्या करता है। इसमें यह भी बताया गया है कि इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड के पास अपने परमानेंट रेजिडेंट (स्थायी निवासी) वीसा आवेदन के लिए अपने टैक्स रेजिडेंस की स्थिति की पुष्टि का अनुरोध करते समय आपको इनलैंड रेवेन्यू (अंतर्देशीय राजस्व) को क्या जानकारी देनी होगी।**

## यदि आप न्यूज़ीलैंड में टैक्स का भुगतान करने वाले निवासी हैं

1. आम तौर पर, यदि आप न्यूज़ीलैंड में टैक्स भुगतान के लिए निवासी माने जाते हैं तो आपको अपनी विश्वव्यापी आय पर न्यूज़ीलैंड में कर का भुगतान करना होगा।
2. टैक्स रेजिडेंस इस बात के लिए भी प्रासंगिक है कि क्या आप वर्किंग फॉर फैमिलीज टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें बेस्ट स्टार्ट (नवजात शिशु वाले परिवारों के लिए भुगतान) भी शामिल है। कुछ अन्य आवश्यकताओं को भी पूरा किया जाना जरूरी है, जिनमें यह भी शामिल है कि आप टेम्परेरी एंट्री क्लास (अस्थायी प्रवेश श्रेणी) वीसा पर न्यूज़ीलैंड में नहीं हैं।
3. नये प्रवासियों को अधिकांश प्रकार की विदेशी आय पर अस्थायी टैक्स छूट मिल सकती है। यह अस्थायी छूट लगभग 4 साल तक के लिए है।
4. यदि आप अस्थायी टैक्स छूट का उपयोग करते हैं, तो आप और आपके जीवनसाथी/साथी वर्किंग फॉर फैमिलीज टैक्स क्रेडिट (बेस्ट स्टार्ट सहित) प्राप्त नहीं कर सकते। यदि आप में से कोई भी वर्किंग फॉर फैमिलीज टैक्स क्रेडिट के लिए आवेदन करता है, तो आप अस्थायी टैक्स की छूट को खो देंगे। आपके एक बार ऐसा करने के बाद आप अपना इरादा नहीं बदल सकते।

## आप न्यूज़ीलैंड टैक्स रेजिडेन्ट (टैक्स देने वाले निवासी) कब बन जाएंगे

5. आप न्यूज़ीलैंड टैक्स रेजिडेन्ट (टैक्स देने वाले निवासी) बन जाएंगे जब आप:
   - 12 महीने की अवधि में **183 दिनों से अधिक** समय तक न्यूज़ीलैंड में रह चुके हों, या
   - न्यूज़ीलैंड में आपका **स्थायी निवास स्थान** है।

### 183 दिन का नियम

6. न्यूज़ीलैंड में अधिकांश नए प्रवासी 183-दिवसीय नियम के अंतर्गत न्यूज़ीलैंड में कर निवासी बन जाएंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि यदि आपने 12 महीने की अवधि में 183 दिनों से अधिक समय तक न्यूज़ीलैंड में निवास किया है, तो आपका टैक्स रेजिडेंस पहले दिन से शुरू हो जाता है।
7. यदि आपके पास 183-दिवसीय नियम के लिए गिने जाने वाले पहले दिन से पहले न्यूज़ीलैंड में स्थायी निवास स्थान है, तो आपका टैक्स रेजिडेंस इससे पहले शुरू हो सकता है ([9] नंबर से देखें)।
8. क्योंकि आपका टैक्स रेजिडेंस 183 दिनों की अवधि के पहले दिन से शुरू हो जाता है, इसलिए आप यहाँ आने से पहले की तारीख से न्यूज़ीलैंड में टैक्स रेजिडेंट बन सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐसा तब हो सकता है जब आप यहाँ आने से पहले, छुट्टियां मनाने या नौकरी के इंटरव्यू के लिए न्यूज़ीलैंड आए हों।

### न्यूज़ीलैंड में स्थायी निवास स्थान का होना

9. न्यूज़ीलैंड में टैक्स रेजिडेंट बनने का दूसरा तरीका यह है कि आपका यहाँ स्थायी निवास स्थान हो।
10. यदि आपके पास न्यूज़ीलैंड में कोई घर, अपार्टमेंट या अन्य निवास स्थान (रहने की जगह) है, जहाँ आप स्वाभाविक रूप से या आमतौर पर रहते हैं, तो इसे आपका न्यूज़ीलैंड में एक स्थायी निवास स्थान माना जाएगा। आपको वहाँ हर समय रहने की जरूरत नहीं है।
11. इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि विदेश में भी आपका कोई स्थायी निवास स्थान है या नहीं। जब तक आपके पास न्यूज़ीलैंड में स्थायी निवास स्थान है, तब तक आप यहाँ के टैक्स रेजिडेंट रहेंगे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ अधिक समय बिताते हैं या किस स्थान को आप अपना मुख्य घर मानते हैं।
12. आपके स्थायी निवास स्थान के लिए किसी संपत्ति का मालिक होना आवश्यक नहीं है। यह वह संपत्ति हो सकती है जिसे आपने किराए पर लिया हो, किसी कंपनी या ट्रस्ट में रखा हो, या जिसका स्वामित्व आपके परिवार के किसी सदस्य के पास है। एक किराये का मकान या अपार्टमेंट आपका स्थायी निवास स्थान हो सकता है, भले ही आपके पास सामयिक किरायेदारी हो (वह किरायेदारी जो निश्चित अवधि के लिए न हो)।
13. यह निर्धारित करने में कि क्या आपके पास न्यूज़ीलैंड में स्थायी निवास स्थान है, आपकी सारी परिस्थितियों पर विचार किया जाना जरूरी है। इसमें शामिल है:
    - वह समय जो आप न्यूज़ीलैंड के अंदर और न्यूज़ीलैंड से बाहर बिताते हैं, और
    - आपके निवास स्थान और न्यूज़ीलैंड के साथ आपके समग्र संबंध, जैसे कि:
      - आपके द्वारा आवास का उपयोग,
      - आपके इरादे क्या हैं (उदाहरण के लिए, क्या आप न्यूज़ीलैंड में रहने की योजना बना रहे हैं या केवल अस्थायी रूप से यहाँ हैं),
      - न्यूज़ीलैंड में आपके कौन से पारिवारिक और सामाजिक संबंध हैं (उदाहरण के लिए, यदि आपका जीवनसाथी/साथी और बच्चे न्यूज़ीलैंड में रहते हैं, न्यूज़ीलैंड में क्लबों की सदस्यता आदि),
      - क्या न्यूज़ीलैंड में आपका रोजगार, व्यावसायिक हित या अन्य आर्थिक संबंध हैं, और
      - जहाँ आपकी निजी संपत्ति स्थित है।

## आप न्यूज़ीलैंड टैक्स रेजिडेन्ट (टैक्स देने वाले निवासी) होना कब बंद कर देते हैं

14. आपका न्यूज़ीलैंड टैक्स रेजिडेन्ट होना बंद हो जाएगा जबः
    - आपका न्यूज़ीलैंड में कोई स्थायी निवास स्थान नहीं है, और
    - 12 महीने की अवधि में 325 दिनों से अधिक समय तक न्यूज़ीलैंड से बाहर रहे हों।
15. यदि आपके पास न्यूज़ीलैंड में अभी भी एक स्थायी निवास स्थान है तो आप अभी भी न्यूज़ीलैंड के टैक्स रेजिडेंट होंगे, भले ही आप 325 दिनों से अधिक समय तक न्यूज़ीलैंड से बाहर रहे हों।
16. यदि आप 12 महीने की अवधि में 325 दिनों से अधिक समय के लिए न्यूज़ीलैंड से बाहर रहे हैं, तो आप न्यूज़ीलैंड में पहले दिन से ही गैर-टैक्स रेजिडेंट माने जाएंगे, बशर्ते कि न्यूज़ीलैंड में आपका कोई स्थायी निवास स्थान न हो।

## आपके परमानेंट रेजिडेंट (स्थायी निवासी) वीसा आवेदन के लिए आपके टैक्स रेजिडेंस की पुष्टि

17. जब आप परमानेंट रेजिडेंट वीसा के लिए आवेदन करते हैं, तो आपको अपने टैक्स रेजिडेंस की स्थिति के बारे में इनलैंड रेवेन्यू विभाग से पुष्टि प्राप्त करनी होगी। यदि आपको यह काम तुरंत करवाने की जरूरत है, तो आपको 0800 775 247 पर फोन करके इनलैंड रेवेन्यू के कार्यालय में अपॉइंटमेंट लेना होगा।
18. जब आप इनलैंड रेवेन्यू विभाग आएं तो अपने साथ निम्नलिखित दस्तावेज लेकर आएं:
    - टैक्स रेजिडेंस की स्थिति की पुष्टि (INZ 1006) फॉर्म
      *आप इस फॉर्म को इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड की वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं:*
      **आवेदन पत्र, गाइड और चैकलिस्ट | इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड**
    - फोटो आईडी अथवा पहचान पत्र (पासपोर्ट)
    - पूरा किया गया IR886 फॉर्म
      *आप यह फॉर्म इनलैंड रेवेन्यू की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं:*
      **सारे फॉर्म और गाइड को (ird.govt.nz) पर देखें**
    - यात्रा गतिविधियाँ (आगमन और प्रस्थान तिथियां)
      *आप यह जानकारी इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड को 0508 558 855 पर फोन करके प्राप्त कर सकते हैं। इसमें 2 दिन तक का समय लग सकता है।*
19. यदि आपका आवेदन बहुत जरूरी नहीं है, तो आप इसे अपने myIR खाते से वेब संदेश के माध्यम से सबमिट (पेश) कर सकते हैं। आपको INZ 1006 फॉर्म और इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड से अपने यात्रा के रिकॉर्ड (आगमन और प्रस्थान तिथियां) को संलग्न करना होगा। आप अपने आवेदन को प्रोसेस (पर कार्रवाई) करने में हमारी सहायता के लिए एक पूरी तरह से भरा हुआ IR886 फॉर्म भी शामिल कर सकते हैं।
20. अपनी टैक्स रेजिडेंस स्थिति को इनलैंड रेवेन्यू से पुष्टि कराने के लिए आपको जिन मानदंडों को पूरा करना होगा, वे न्यूज़ीलैंड के टैक्स कानूनों के अंतर्गत मानदंड हैं, जिन्हें इस सूचना पत्र में स्टपष्ट किया गया है। ये टैक्स रेजिडेंस आवश्यकताएं, इमीग्रेशन न्यूज़ीलैंड की अन्य आवश्यकताओं से अलग हैं।
21. इससे पहले कि आप अपने टैक्स रेजिडेंस की स्थिति की इनलैंड रेवेन्यू से पुष्टि का अनुरोध करें, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपकी न्यूज़ीलैंड टैक्स रिटर्न फाइलिंग अप टू डेट (ताजा) है और आपकी सभी आय हमें घोषित कर दी गई है, जिसमें विदेशों से आय भी शामिल है।

## ird.govt.nz

जानकारी के लिए और हमारी सेवाओं तथा टूल्स (उपकरणों) का उपयोग करने के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं।

- **अपने टैक्स और अधिकारों** को ऑनलाइन प्रबंधित करने के लिए myIR पर लॉग इन करें या पंजीकरण करें।
- **प्रदर्शन** - छोटे वीडियो देखकर हमारी सेवाओं के बारे में जानें।
- **इसे ऑनलाइन पूरा करें** - फॉर्म और [टैक्स] रिटर्न भरें, भुगतान करें, हमें प्रतिक्रिया दें।
- **इसका हल निकालें** - हमारे कैलकुलेटर, वर्कशीट और टूल्स का उपयोग करें, उदाहरण के लिए, अपने टैक्स कोड की जाँच करने, टैक्स जमा करने और भुगतान की तिथियों को ढूंढने, अपने स्टूडेंट लोन रीपेमेंट (छात्र ऋण चुकौती) की गणना करने के लिए।
- **फॉर्म और गाइड्स** - हमारी गाइड्स (मार्गदर्शिकाएं) और फॉर्म डाउनलोड करें।

आप हमारे न्यूज़लेटर की सदस्यता भी ले सकते हैं ird.govt.nz/subscribe और हमें ट्विटर (वर्तमान में नाम X है) @NZInlandRevenue पर फ़ॉलो करें।

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government